BCM SCHOOL BASANT AVENUE LDH.(9.8.24)
Answer key(2)
class X Hindi M.M-15

1.
1.ग)
2. बचपन के कार्यों को देखकर अंदाजा लगाया जा सकता है कि बालक आगे जाकर कैसा मनुष्य बनेगा।
3. सही कार्य क्षेत्र चुने से ही आत्मविश्वास बढ़ता है और जीवन में सफलता मिलती है।

2.
1.ग)
2. बाल कल्पना के से पाले
नवजीवन वाले धराधर
ललित -ललित घुँघराले
3. क्रांति और पौरुष का भाव

3.
1.उत्तर.
लक्ष्मण ने वीर योद्धा की निम्नलिखित विशेषताएँ बताईः-
i) वीर योद्धा रणभूमि में वीरता दिखाता है। अपना गुणगान नहीं करता।
ii) कायर ही अपनी शक्ति की डींगें हाँकता है। युद्धभूमि में वीरों की वीरता ही उनकी प्रसिद्धि का आधार होती है।

2:उत्तर

राम बहुत शांत और धैर्यवान हैं| परशुराम के क्रोध करने पर राम विनम्रता के साथ कहते हैं कि धनुष तोड़ने वाला कोई उनका दास ही होगा| वे मृदुभाषी होने का परिचय देते हुए अपनी मधुर वाणी से परशुराम के क्रोध को शांत करने का प्रयास करते हैं| अंत में आँखों से संकेत कर लक्ष्मण को शांत रहने को कहते हैं|
दूसरी ओर लक्ष्मण का स्वभाव उग्र है| वह व्यंग्य करते हुए परशुराम को इतनी छोटी सी बात पर हंगामा नहीं करने के लिए कहते हैं| वे परशुराम के क्रोध की चिंता किये बिना अपशब्दों को प्रयोग ना करने को कहते हैं| वह उनके क्रोध को अन्याय समझते हैं इसीलिए पुरजोर विरोध करते हैं|

3:उत्तर
यह बात लक्ष्मण ने परशुराम से उसे समय कही जब राजा जनक की इच्छा और विश्वामित्र की आज्ञा से श्री राम ने शिव धनुष को भंग कर दिया। धनुष के टूटने से परशुराम बहुत क्रोधित हो गए और धनुष तोड़ने वाले को समाज से अलग करने की बात कहने लगे। इस पर लक्ष्मण ने मुस्कुराते हुए कहा कि बचपन में हमने ऐसे बहुत से धनुष तोड़े हैं, तब तो आप क्रोधित नहीं हुए। अतः अब एक पुराने धनुष के टूटने पर आपका क्रोधित होना व्यर्थ है।

4
1.विशेषण,गुणवाचक,पुल्लिंग,एकवचन,किला विशेष्य का विशेषण

2.सर्वनाम, प्रश्नवाचक, पुल्लिंग, एकवचन

3.संज्ञा ,जातिवाचक, स्त्रीलिंग ,बहुवचन